दिनांक : 29 जुलाई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

विश्व बाघ दिवस

दिनांक 29 जुलाई, 2021 को "Global Tiger Day" मनाया जाता है। टाइगर दिवस मनाने का तात्पर्य वनों की पारिस्थितिकी में खाद्य श्रृंखला में सबसे ऊपर बैठे वन्य जीव को बचाना है। खाद्य श्रृंखला के शिखर पर बैठे वन्य जीव यदि सुरक्षित हैं और उसकी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, इसका तात्पर्य है कि उस वन्य क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में भोजन, पानी एवं सुरक्षा की व्यवस्था है, जिसका सीधा मतलब है शाकाहारी वन्य जीव, जलक्षेत्र, पेड़– पौधे, झाड़–झाड़ियाँ आदि प्रचुर मात्रा में वन क्षेत्र में उपलब्ध हैं तथा सुरक्षित है और वन्य जीवों के प्रजनन के अनुकूल माहौल है। वन क्षेत्रों के सुरक्षित होने का अर्थ है कि सृष्टि के लिए आवश्यक अवयव– हवा, पानी, मिट्‌टी आदि भी सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में 2014 की गणना के अनुसार 114 बाघ थे जो कि वर्ष 2018 की गणना में बाघों की संख्या 173 है। यह प्रतीक है कि वनों की सुरक्षा एवं सम्वर्धन में वृद्धि हुई है परिणामस्वरूप शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या भी बढ़ी है तथा इसकी परणिति बाघों की संख्या में वृद्धि के रूप में हुई है।

पर्यावरण एवं वनों का सम्वर्धन भी ग्लोबल टाइगर दिवस का उद्‌देश्य है। इसी सन्दर्भ में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्राणि उद्यान द्वारा भी ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 25 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया जिसका परिणाम दिनांक 30.07.2021 को घोषित किया जायेगा।

(–ह0–)
(आर0के0 सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ